an>

Title : Need to ensure expeditious implementation of developmental programmes in villages selected as Adarsh Gram Under Saansad Adarsh Gram Yojana in Vaishali Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री रामा किशोर सिंह (वैशाली): मैंने अपने संसदीय क्षेत्र वैशाली (बिहार) के अंतर्गत दो जिला मुजफ्फरपुर और वैशाली के अंतर्गत क्रमशः घोसौत (मीनापुर) और कन्हौली विशनपरसी (गौरोल) का चयन "सांसद आदर्श ग्राम योजना" के अंतर्गत किया है। सरकार द्वारा निर्धारित तिथि के पूर्व मैंने उक्त गांवों को शामिल करने की अनुशंसा संबंधित जिला पदाधिकारियों को भेज दी है परंतु संबंधित पदाधिकारियों द्वारा सांसद आदर्श ग्राम योजना के प्रस्ताव पर त्वरित कार्रवाई नहीं करने के कारण प्रस्ताव लंबित है। यद्यपि मैं इस लोकप्रिय योजना के अंतर्गत अपने क्षेत्र के अधिक से अधिक गांवों को शामिल करने के लिए अग्रसर हूं, परंतु प्रशासनिक सहयोग के अभाव में मैं इस योजना के कार्यान्वयन सुनिश्चित कराने में सक्षम नहीं हो पा रहा हूं

अतः मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत मेरे द्वारा चयनित गांवों में विकास कार्यों का त्वरित कार्यान्वयन सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित राज्य सरकार एवं सबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने का कÂट करें।